HAPUR POLICE

ऑपरेशन शस्त्र

थाना - हापुड़ नगर **दिनांक 06-10-2025**

पुलिस उपमहानिरीक्षक मेरठ परिक्षेत्र मेरठ महोदय के निर्देशानुसार चलाए जा रहे ऑपरेशन शस्त्र अभियान के अन्तर्गत थाना हापुड़ नगर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए थार गाड़ी से तमंचा लहराने की सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो से सम्बन्धित अभियुक्त को चिन्हित कर किया गिरफ्तार, जिसके कब्जे से अवैध असलहा व थार गाड़ी (सीज) बरामद।

कार्यवाही:-

दिनांक 04.10.2025 को सोशल मीडिया पर थार गाडी से स्टंट करते हुए तमंचा लहराने की वीडियो वायरल हुई थी जिसका थाना हापुड़ नगर पुलिस द्वारा संज्ञान लेकर वीड़ियो में दिखाई दे रहे युवक की पहचान कराई तो उसकी पहचान आदित्य त्यागी उर्फ चीकू पुत्र कपिल त्यागी निवासी ग्राम अच्छेजा थाना हापुड नगर जनपद हापुड़ के रूप में हुई।

थाना हापुड़ नगर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए उक्त युवक को दिल्ली पब्लिक स्कूल के पीछे नाले के बराबर वाली सडक प्रीत विहार से गिरफ्तार किया गया है, जिसके कब्जे से अवैध असलहा व थार गाड़ी (सीज) बरामद हुई है।

उपरोक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना हापुड़ नगर पर अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता:-

आदित्य त्यागी उर्फ चीकू पुत्र कपिल त्यागी निवासी ग्राम अच्छेजा थाना हापुड नगर जनपद हापुड़।

बरामदगी का विवरण:-

एक अवैध तमंचा मय एक जिन्दा कारतूस .315 बोर।

महिन्द्रा थार गाडी रजि0 नं0 UP14 FX 8222 (वायरल वीडियो मे स्टंटबाजी मे प्रयुक्त)

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:-

1. उ0नि0 नवनीत सिंह थाना हापुड़ नगर जनपद हापुड़।
2. है0का0 384 रविन्द्र थाना हापुड नगर जनपद हापुड़।
3. है0का0 903 रजनीश थाना हापुड नगर जनपद हापुड़।
4. है0का0 494 अजयशंकर थाना हापुड नगर जनपद हापुड़।